राजस्थान पत्रिका
उदयपुर . मंगलवार

TUESDAY
23.04.13

रॉल्स रॉयस विंटेज कार पर पुस्तक का विमोचन

कैलिफॉर्निया में विंटेज कारों की प्रतियोगिता में आई थी प्रथम, 197 पृष्ठों पर 261 रंगीन चित्रों में सजी रॉल्स रॉयस कार

plus रिपोर्टर
plusreporter@patrika.com



गत वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत में आयोजित दुनियाभर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में मेवाड़ क पूर्व राजघराने की विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) को अपनी श्रेणी में दुनिया भर में प्रथम पुरस्कार से नवाज़ा गया था। इस विंटेज कार पर महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़ के निर्देश में लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एण्ड...कंटीन्यूस' का सोमवार को सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पैलेस में विमोचन किया गया। 197 पेजों व 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, कैलिफॉर्निया में आयोजित समारोह के साथ विजेता कार की संपूर्ण यात्रा वृतांत दर्शाया गया है। पुस्तक में सामग्री संकलन विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शन सिटी पैलेस के प्रबंधक अनुविक्रम सिंह करजाली ने किया है। जबकि सहयोग बॉब रूपानी व गौतम सेन ने किया। पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने करवाया है। कैलिफॉर्निया में आयोजित चार दिवसीय समारोह में विश्व की विंटेज कारों के जानकार चुनिंदा जजों के पैनल ने उदयपुर की इस विंटेज कार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप ल्यूकस बीब ट्राफी प्रदान की थी। विजेता कार को एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स की गार्डन होटल स्थित विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शंस के संग्रह में देखा जा सकता है।